# बिहार विधान सभा सचिवालय

ज्ञापांक-क्रय-24/2020- 4543 /वि०स०, पटना, दिनांक- 26.12.24

## अल्प कालीन निविदा आमंत्रण

सभा सचिवालय के विभिन्न शाखाओं एवं जनवरी 2025 में आयोजित होने वाली पीठासीन पदाधिकारियों के सम्मेलन के उपयोगार्थ Bombay Dyeing के अलग-अलग साईज के तौलियों की आपूर्ति के लिए विभिन्न स्थानीय इच्छुक प्रतिष्ठानों / फर्मों से न्यूनतम दर GST सहित सीलबंद लिफाफा में निविदायें प्रभारी सचिव, बिहार विधान सभा के पदनाम से उनके कार्यालय कक्ष में यथानिर्धारित शर्तों के अधीन दिनांक-02.01.2025 को 03:00 बजे अप० तक आमंत्रित की जाती है । सभी प्राप्त निविदायें सभापति क्रय समिति, बिहार विधान सभा के कार्यालय कक्ष में दिनांक-02.01.2025 को 04:00 बजे अप० में क्रय समिति के समक्ष खोली जाएंगी, जिसमें सभी निविदादाता स्वयं अथवा उनके द्वारा प्राधिकृत प्रतिनिधि उपस्थित रहेंगे ।

**निविदा से संबंधित आवश्यक निर्धारित शर्त्तें:-**

1. निविदा सीलबंद लिफाफा में होना चाहिए, जिसमें तकनीकी एवं वित्तीय निविदा अलग-अलग लिफाफा में हो, जिसपर तकनीकी एवं वित्तीय निविदा अंकित करते हुए फर्म का नाम, पता, दूरभाष / मोबाईल नं० एवं ई-मेल अंकित होना चाहिए ।
2. निविदा टंकित एवं इसके प्रत्येक पृष्ठ पर निविदादाता फर्म के अधिकृत प्रतिनिधि द्वारा हस्ताक्षरित एवं मुहरित होना आवश्यक है ।
3. निविदा के साथ कार्यानुभव, फर्म का निबंधन प्रमाण पत्र, आयकर प्रमाण पत्र एवं GST निबंधन प्रमाण पत्र संलग्न होना चाहिए । आवश्यक कागजात सही पाये जाने पर ही वित्तीय निविदा का मूल्यांकन किया जा सकेगा ।
4. निविदा में सामग्रियों का दर, ब्रान्ड एवं मात्रा अंकित करना आवश्यक होगा ।
5. निविदा में सामग्रियों की मात्रा कार्यालय द्वारा तय कर दिया गया है तथा निविदादाताओं को तय मात्रा के आलोक में ही दर का उल्लेख करना है ।
6. सभी निविदादाता कार्यालय कार्य दिवसों में अवर सचिव के मोबाईल संख्या-9852429945 पर निविदा पूर्व निविदा से संबंधित सूचना या जानकारी प्राप्त कर सकते हैं ।
7. किसी अथवा सभा निविदाओं को बिना कारण बताये रद्द / अस्वीकृत करने का अधिकार सभा सचिवालय को सुरक्षित रहेगा ।
8. निविदादाताओं द्वारा निविदा प्रस्तुत करने का अर्थ यह होगा कि निविदादाता को सभी शर्तें मान्य है।
9. निविदादाता को प्रत्येक तौलिये का एक-एक नमूना क्रय समिति के समक्ष अवलोकन हेतु प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा ।

| क्र०सं० | सामग्री का नाम तथा साईज | मात्रा | ब्रांड |
|---|---|---|---|
| 1. | बड़ा तौलिया (75cmx150cm) | 200 (दो सौ) अदद् | Bombay Dyeing |
| 2. | मिडियम तौलिया (60cmx120cm) | 100 (एक सौ) अदद् | Bombay Dyeing |
| 3. | हैण्ड तौलिया (30cmx53cm) | 50 (पचास) अदद् | Bombay Dyeing |

आदेश से,

26.12.24

अवर सचिव

बिहार विधान सभा, पटना ।

रौशन कुमार (26/12/2024)